>

Title: Need to formulate schemes for providing irrigation facilities in Barmer and Jaisalmer districts of Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): इस लोकप्रिय बजट में हरित क्रांति के दूसरे चरण के माध्यम से उत्तरी पूर्वी राज्यों में वहां के लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु एवं वहां के पिछड़ेपन को दूर करने का प्रावधान किया गया है। क्योंकि वहां पर भौगोलिक कारणों से विकास कार्य नहीं हो सका। देश के संतुलित विकास के लिए अच्छी नीति है। मैं राजस्थान की मरूभूमि से आता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर एवं जैसलमेर की भौगोलिक कारणों से इस क्षेत्र के विकास कार्य में प्रगति नहीं हो सकी है। अगर यहां पर स्थित ढांचे में आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध करवाया जाये तो निस्संदेह इस क्षेत्र के नतीजे अच्छे होंगे। बाड़मेर में नर्मदा सिंचाई योजना एवं जेसलमेर में इंदिरा गांधी लिफ्ट सिंचाई योजना से सिंचाई सुविधाओं के माध्यम से देश के सबसे बड़े भू-क्षेत्र के कारण सबसे अधिक क्षेत्र में खेती की संभावना है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बाड़मेर एवं जैसलमेर में सिंचाई की दूरगामी योजनाएं बनाई जाये तो हरित क्रांति के दूसरे दौर में सबसे अधिक भू-क्षेत्र के कारण यह क्षेत्र देश में सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादन में योगदान कर सकता है इसलिए इस क्षेत्र में आर्थिक विकास पैकेज दिया जाए।